सेंट मारग्रेट सी. सै. स्कूल

सैंपल पेपर

विषय– हिंदी

कक्षा- 5

नाम: ___________________________ **रोल नo: ________**

समय: 1.5 घंटे **अंक: 40**

<u>निर्देश</u> – सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।

(अपठित बोध)

प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- **5**

पेड़ हम सभी के लिए बहुत ज़रूरी हैं। पेड़ों के कारण ही हमारी यह धरती हरी-भरी है। पेड़ों से हमारी इस पृथ्वी पर पशु-पक्षी जीवित रहते हैं। हम सभी जिस ऑक्सीजन के कारण जीवित हैं वह ऑक्सीजन हमें पेड़ों से ही मिलती है। मनुष्य बहुत समय पहले से ही पेड़ों से मिलने वाली लकड़ियों से आग जलाता था और उससे अपना भोजन बनाता था। पेड़ों से हमें फल, सुंदर-सुंदर, मसाले मिलते हैं। कुछ पेड़ों के फल, पत्तियों और जड़ों से बहुत सी दवाइयाँ बनती हैं। इस तरह पेड़ हमारे मित्र हैं जो हमारे काम में आते हैं। हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए ताकि हमारा और पशु-पक्षियों का जीवन सुरक्षित रहे।

1. मनुष्य ने पेड़ों की लकड़ी का उपयोग कैसे किया?

क) कपड़े बनाने के लिए ख) रंग बनाने के लिए ग) आग जलाने और भोजन बनाने के लिए

घ) सोने के लिए

2. पेड़ हमारे काम आते है इसलिए उन्हें हमारा ___________ कहा गया है।

क) शत्रु ख) सहपाठी ग) गुरु घ) मित्र

3. पेड़ों के फल, पत्तियों और जड़ों से क्या बनता है?

क) दवाइयाँ ख) कागज़ ग) चाय घ) मिठाइयाँ

4. हमें पेड़ क्यों लगाने चाहिए?

5. पेड़ों से हमें क्या-क्या मिलता है?

(व्याकरण)

प्र.2 (क) निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए: - **7X1=7**

क) लिंग के कितने भेद है?

i) दो ii) एक iii) तीन iv) कोई नहीं

ख) निम्नलिखित में से धोबी शब्द का स्त्रीलिंग चुनिए:

i) धोबीन ii) धोबिन iii) धौबीन iv) धौबिन

ग) पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्द _______________ कहलाते है।

i) लिंग ii) वचन iii) पुल्लिंग iv) स्त्रीलिंग

घ) जो संज्ञा शब्द मन के भावों के बारे में बताते हैं उन्हें _____________संज्ञा कहते हैं |

i) जातिवाचक ii) व्यक्तिवाचक iii) भाववाचक iv) कोई नहीं

ङ) विराम का अर्थ है: -

i) चलना ii) तोड़ना iii) रुकना iv) भगाना

च) बे उपसर्ग से सही शब्द चुनिए: -

i) बाल ii) बेशर्म iii) बात iv) बंद

छ) श्रीमती शब्द का पुल्लिंग चुनिए

i) श्रीमन्त ii) श्रीमत iii) श्री iv) श्रीमान

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए **3X1=3**

क) वर्तनी की दृष्टि से "विज्ञानीक" का शुद्ध शब्द लिखिए |

ख) "तीर" शब्द का सही अनेकार्थक शब्द लिखिए |

ग) तितली शब्द का बहुवचन लिखिए।

(साहित्य)

प्र.3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अंक के अनुसार दीजिए: -

क) भोजन करने का एक नियम का उदाहरण लिखिए। 1

ख) भारत की बेटियाँ अपना वार किसे दिखाती हैं| 2

ग) गीता और मीता को देख कर सभी जानवर क्यों छिप गए? 2

घ) हिरन ने गीता से क्या कहा? 2

ङ) अमित और मनीष के व्यवहार में क्या अंतर था? 3

प्र.4 (क) किसने किससे कहा? **1X1=1**

क) पत्थर खाकर फल देते है हवा का विष हम पी लेते हैं।

ख) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए: - **2X1=2**

क) कुदरत

ख) वाणी

(ग) "तबाही" शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए? **1X1=1**

(घ) रिक्त स्थान भरिए: **2X1/2=1**

क) शिष्टाचार का तीसरा आधार __________ है।

ख) पशु-पक्षी मनुष्यों से ________________ है।

(लेखन)

प्र.5 "पांचवी कक्षा में मेरा पहला दिन" पर 80-100 शब्दों में अनुछेद लिखिए । **5**

अथवा

वृक्षों के लाभ पर विषय पर 80-100 शब्दों में अनुछेद लिखिए ।

प्र.6 अपने मित्र को कक्षा में प्रथम आने पर बधाई देते हुए पत्र लिखिए। **5**